धानसा, सेरणा, मोदरान को रामसीन में जोड़ने को लेकर जताई आपत्ति

धानसा, सेरणा व मोदरान गांव के लोगों ने भीनमाल पंचायत समिति में ही रखने की मांग को लेकर जालोर में जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान सरकार की ओर से पंचायत समितियों के पुनर्गठन के दौरान धानसा, सेरणा, मोदरान को भीनमाल से हटाकर पंचायत समिति रामसीन में जोड़ा जाना प्रस्तावित किया, इस संबन्ध में जिला कलैक्टर कार्यालय द्वारा आपत्तियां मांगी गई थी। इसी संदर्भ में गुरुवार को धानसा, सेरणा और मोदरान के ग्रामवासियों ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर जिला कलैक्टर को आपत्ति दर्ज करवाई। मांग की है कि पंचायत समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया के दौरान धानसा, सेरणा, मोदरान तीन ग्राम पंचायतों को प्रस्तावित पंचायत समिति रामसीन में नहीं जोड़ा जावें एवं पंचायत समिति भीनमाल में यथावत रखा जाए। तहसीलों के परिसीमन के दौरान इन ग्राम पंचायतों की तहसील और उपखण्ड मुख्यालय भी भीनमाल किया जाए।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि धानसा से भीनमाल की दूरी मात्र 28 किमी. है जबकि धानसा से रामसीन की दूरी 55 किमी. है जो कि तुलनात्मक दृष्टि से लगभग दुगुनी है। धानसा, सेरणा और मोदरान से भीनमाल जाने हेतु हर घण्टे बस की सुविधा उपलब्ध है, मोदरान से रात-दिन ट्रैनों की सुविधा भी उपलब्ध है। जबकि धानसा, सेरणा और मोदरान से रामसीन जाने के लिए एक भी बस या अन्य कोई सुविधा उपलब्ध नही है और ना ही व्यवस्थित सडक मार्ग की सुविधा है। धानसा, सेरणा और मोदरान से ट्रैन में व्यक्ति मात्र 10 रूपयें में भीनमाल जा सकता है, बस में 40 रूपयें में भीनमाल जा सकता है जबकि रामसीन जाने के लिए 55 किमी दूर रामसीन तक बस या अन्य परिवहन सुविधा नही होने के कारण गाडी किरायें पर लेकर जाना पडेगा। जिसका किराया लगभग 2500 रूपयें अर्थात बहुत खर्चीला साबित होगा। जनसाधारण के लिए यह किराया भुगतान करना लगभग असंभव है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पंचायत समितियों एवं तहसीलों के पुनर्गठन के नाम पर इन तीन ग्राम पंचायतों के साथ पहले भी बहुत भेदभाव एवं सौतेला व्यवहार हो चुका है। कभी बागोडा में डाल दिया तो कभी जसवंतपुरा में तो कभी भीनमाल में और अब रामसीन में डालने की तैयारी है। अब आम जनता जागरूक हो चुकी है, अन्याय सहन नहीं करेगी। इसलिए जनभावना को मद्देनजर रखते हुए उचित निर्णय लिए जाने का आग्रह किया। विक्रमसिंह राठौड धानसा ने बताया कि नई पंचायत समितियाँ बनाने के पीछे सरकार का मूल उद्देश्य सत्ता का विकेन्द्रीकरण एवं कार्यालयों के कार्यों में आम जनता को सुविधा उपलब्ध करवाना होता है, जबकि यहाँ तो उल्टा आम जनता को परेशानी में डालने का कार्य किया जा रहा है जो कि अनुचित है एवं तर्कसंगत नहीं है।

सेरणा सरपंच जयदीपसिंह राठौड ने बताया कि पूर्व में ये तीनों ग्राम पंचायतें जसवंतपुरा में थी, आम जनता के द्वारा ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन, आमरण अनशन व लम्बे संघर्ष के बाद इन्हें पंचायत समिति भीनमाल में जोडा गया था, अब इनके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जाए। तीनों गांवों के ग्रामवासियों ने एक स्वर में मांग करने हुए कहा कि हम धानसा, सेरणा, मोदरान इन तीन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन, प्रबुद्धजन, जन प्रतिनिधि एक स्वर में यह मांग करते हैं कि पंचायत समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया के दौरान धानसा, सेरणा, मोदरान इन तीन ग्राम पंचायतों को प्रस्तावित पंचायत समिति रामसीन में नहीं जोड़ा जावें एवं पंचायत समिति भीनमाल में यथावत रखा जावें। साथ ही यह मांग करते है कि तहसीलों के परिसीमन के दौरान इन तीन ग्राम पंचायतों की तहसील और उपखण्ड मुख्यालय भी भीनमाल करवाने की मांग की गई। आम जनता की भावना के विरूद्ध इन तीनों ग्राम पंचायतों को पंचायत समिति भीनमाल में यथावत नही रखा गया तो हम तीनों गांवों के ग्रामवासियों को मजबूर होकर कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर जन आन्दोलन कर धरना-प्रदर्शन, आमरण अनशन करना पड़ेगा।

सेरणा सरपंच जयदीपसिंह राठौड, सोशियल एक्टिविस्ट विक्रासिंह राठौड धानसा, सोसाइटी अध्यक्ष चैनसिंह धानसा, मालमसिंह मोदरान, कोजसिंह धानसा, उपसरपंच लालसिंह धानसा, शिक्षाविद उदयसिंह राठौड, भारताराम देवासी, ओमसिंह चम्पावत मोदरान, शैतानसिंह राठौड, मैसाराम देवासी, मांगुसिंह राठौड, जयन्तिलाल जैन, रमेश तीरगर, मांगीलाल सैन, चेलाराम माली, वरदाराम माली, उत्तम डांगी मोदरान, नजीर खान सेरणा, रमेश डांगी मोदरान, आसाराम लौहार धानसा, गजेसिंह राठौड, घनश्याम मेघवाल सहित तीनों गांवों के लोग मौजूद थे।

डॉ. दादी रतनमोहिनी को श्रद्धांजलि दी

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जालोर स्थित राजयोग केंद्र पर गुरुवार को बी.के. रतन मोहिनी दादी को श्रद्धांजलि अर्पित की। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जालोर स्थित राजयोग केंद्र पर गुरुवार को बीके रतन मोहिनी दादीजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राजयोग केंद्र जालोर की संचालिका बीके रंजू दीदी ने कार्य के शुभारंभ में बीके रतन मोहिनी दादी जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी ने 13 वर्ष की आयु में ही संस्था में प्रवेश कर लिया था। बचपन मैं उनका नाम लक्ष्मी था। दादी बचपन से ही भक्ति भाव में रुचि रखते थे। संस्था के संस्थापक ब्रह्मा बाबा के साथ 32 वर्ष उल्लेखनीय सेवा प्रदान की। दादी का देहावसान 8 अप्रैल को हुआ और वह 101 वर्ष की थे। दादी जी युवा प्रभाग के अध्यक्षा रही, उनके नेतृत्व में युवा पदयात्रा का वृहद कार्यक्रम रखा। जिसमें 30 हजार किलोमीटर की यात्रा पूर्ण हुई। संस्था की कुमारियों की ट्रेनिंग भी आपके निर्देशन में संचालित होती थी। टीचर बहनों की सच्ची-सच्ची गाइड थी। वह हमेशा कहती थी मानव जीवन में दिव्य संस्कार धारण करके ही देवी स्वरूप बन सकते हैं। दादी द्वारा जालोर स्थित आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पीटल का उनके कर कमलो द्वारा उद्घाटन किया गया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आये राजेंद्र भूतडा अध्यक्ष भारत विकास परिषद शाखा जालोर, नारायण लाल सुथार अधिशासी अभियंता जोधपुर विद्युत वितरण लिमिटेड, वरिष्ठ अधिवक्ता अजय ओझा एवं दिनेश पार्षद नगर परिषद जालोर एवं उपस्थित सभी भाई बहनों के साथ दादी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि कार्यक्रम में डॉ डीसी पुंसल, बी एल सुथार पूर्व अधीक्षक अभियंता, डॉ जसवीर, मंशाराम चौहान, बीके राकेश मीणा, जितेंद्र कुमार, राकेश अध्यापक, गोवर्धन सिंह, बालराम, बीके ललित, बीके विकास, बी के कांतिलाल, बीके शिल्पा, बीके पूजा समदडी, बीके शिवानी, बीके नितेश, भैरव लाल, दिनेश पटवारी, भारत दवे, जयंतीलाल ग्लोबल आई हॉस्पिटल, बीके वरदाराम, धर्माराम सुथार चांदराई, उर्मिला, बीके ज्योति, रेखा, आशा, इंदिरा, भावना, आदि सभी उपस्थित जनों ने दादी जी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सार-समाचार

ग्राम पंचायत यथावत रखने की मांग

रेवदर, (निसं)। उपखंड के ग्राम ढीबडी को ग्राम पंचायत का पुनर्गठन करने की सुची जारी हुई है जिसमें ढीबडी को मुख्यालय बनाया गया। पंचायत के अधीन ग्राम ढिबडी, कातरावडी, मैथीपुरा को मिलाकर नवसृजित ग्राम पंचायत ढिबडी को मुख्यालय रखा गया है, लेकिन मैथीपुरा के ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि मुख्यालय पंचायत मैथीपुरा को बनाई जाये। देखा जाये तो मैथीपुरा से कातरावडी करीब 8 किलोमीटर दूर है। जबकि ढिबडी को मुख्यालय पंचायत रखा जाये तो ढिबडी से कातरावडी की दूरी 4 किलोमीटर है। ढिबडी से मैथीपुरा 4 किलोमीटर की दुरी पर है। भौगोलिक स्थिति से देखा जाये तो ढिबडी सेन्टर पोईन्ट है। ढिबडी व कातरावडी की मुख्य माँग है कि जो पुनर्गठन पंचायत की सूची जारी हुई है उसमें मुख्यालय पंचायत ढिबडी को माना गया है यदि प्रशासन द्वारा ढिबडी को हटाकर मैथीपुरा मुख्यालय बनाया जाता है तो हम समस्त दोनो गांवों के ग्रामवासी को मजबुरन में रेवदर मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करना पडेगा। धीरा राम देवासी, समेला राम, प्रभु राम, ईश्वर कोली, नेथी राम, पीरा राम सहित दर्जनों ग्रामीण जन मौजूद रहे।

लोहिया ने नुकसान का जायजा लिया

पोकरण, (निसं)। उपखंड अधिकारी भणियाणा राजन लोहिया ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र केग्राम फलसूण्ड के मांगणियारों का बास में हुई अचानक भीषण आगजनी की घटना एवं आग से हुए जानमाल के नुकसान का मौका मुआयना किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी मौके पर पहुंच कर रात्रि शोक सभा में शामिल हुए एवं परिवार से मिलकर उनको सांत्वना दी। साथ ही परिवार को जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि फलसूण्ड के मांगणियारों का बास निवासी फोटे खां मांगणियार के घर अचानक दोपहर को भीषण आगजनी हो गई। आगजनी से घर में बने घास फूस के दो कच्चे छप्परे जल गए। जिससे छप्परे में सो रही डेढ वर्ष की एक बच्ची जल गई एवं उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही दो बच्चे आंशिक रूप से झुलस गए। जिन्हें हॉस्पिटलाईज किया गया। इस आगजनी में घर में रखा सामान, नकदी, एक मोटरसाइकिल भी जल गई। आगजनी से मौत होने वाली बच्ची अपने ननिहाल आई हुई थी।

मांडोली ग्राम में रात्रि चौपाल आयोजित

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बुधवार को मांडोली ग्राम में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर भीनमाल उपखण्ड अधिकारी मोहित कासनिया, जसवंतपुरा तहसीलदार नीरज कुमारी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त, दो पकड़े

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के भाद्राजुन पुलिस ने गुरुवार को नकबजन के विरूद्व कार्यवाही कर मोटरसाईकिल चोरी के दर्ज प्रकरण में दो आरोपी को गिरफ्तार कर एवं दो मोटरसाइकिल को बरामद किया। भाद्राजून थानाधिकारी कमलकिशोर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पुलिस थाना आहोर में दर्ज प्रकरण में वांछित अभियुक्त राहुलनाथ उर्फ मुकेशनाथ पुत्र बागनाथ उम्र 25 साल निवासी बाकली पुलिस थाना भाद्राजुन से बिना नम्बरी मोटरसाईकिल को जब्त कर एवं संदेह होने पर उक्त शख्स से पुछताछ की गई, उक्त मोटरसाईकिल का मालुमात करने पर प्रकरण पुलिस थाना आहोर में चोरी का प्रकरण दर्ज है। गैरसायल से गहनता से पुछताछ करने पर एक मोटरसाईकिल गोविन्द मीणा निवासी भाद्राजुन ढाणी को 10-15 दिन पहले चोरी कर लाकर 10000 रूपये में बेचना स्वीकार किया। उक्त मोटरसाईकिल गोविन्द मीणा के बाडे से बरामद कर सुरक्षार्थ थाना परिसर में खडी की गई। राहुलनाथ उर्फ मुकेशनाथ को गिरफतार किया गया। राहुलनाथ उर्फ मुकेशनाथ के विरूद्व पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर में 03 प्रकरण पंजीबद्व है। गैरसायल आले दर्जे का मोटरसाईकिल चोर है, पुछताछ जारी है।

मीठन में नेत्र जांच शिविर आयोजित

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट मीठन में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन स्वर्गीय रतनी देवी चौधरी एवं स्वर्गीय धनाराम प्रजापत की स्मृति में नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ सदस्य हमीरभाई दरगाजी चौधरी द्वारा शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। शिविर में सभी मरीजों के भोजन की व्यवस्था हमीरभाई दरगाजी की तरफ से रखी गई। जांच शिविर में नेत्र चिकित्सक ड्रा हरप्रिया द्वारा जांच की गई जिसमें 16० मरीजों को जांच शिविर का लाभ मिला। उसमें से मोतियाबिंद के 15 मरीज निकले, जिसमें से 7 मरीज का सफल ऑपरेशन करने के लिए ग्लोबल हॉस्पिटल नेत्र संस्थान तलहटी आबूरोड भेजा गया। जांच शिविर में भरतभाई चौधरी, डायाराम, अल्पेशकुमार सुरेशकुमार प्रजापत वार्ड पंच भूराराम चौधरी, देवाराम चौधरी, मालाराम चौधरी सुमित कुमार एवं ग्रामवासी और ग्लोबल हॉस्पिटल टीम की ओर से टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल, पिन्टू मेघवाल, फरजाना बानो, पुष्पा नंदिनी, इंद्रा बेन आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मीठन मारोल वांती निंबोडा रेवदर आदि गांवों के लोगों ने भाग लिया।

'जस जालोर रो इतिहास गाथा' का पोस्टर जारी

जालोर में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से आयोजित हो रहे जस जालोर रो इतिहास गाथा के पोस्टर का विमोचन जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। महाराजा कान्हड़देव एवं अलाउद्दीन खिलजी के मध्य हुए जालौर के ऐतिहासिक युद्ध की 714 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 27 अप्रैल को होने वाले जस जालोर रो- इतिहास गाथा कार्यक्रम के पोस्टर का बुधवार को विमोचन किया गया।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, इतिहास संकलन समिति एवं संस्कृति शोध परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के पोस्टर का जिला कलेक्टर प्रदीप के .गावंडे और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सदस्यों ने विमोचन किया। आयोजन समिति के संदीप जोशी ने बताया कि कार्यक्रम 27 अप्रैल को रात्रि 8 बजे भगतसिंह क्रीडा स्थल में होगा। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जाने-माने शिक्षक एवं इतिहासविद राजवीर चलकोई उपस्थित रहेंगे। भैरुनाथ अखाड़ा के गंगानाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विचारक एवं पाथेय कण पत्रिका के सह प्रबंध संपादक श्यामसिंह बीज भाषण (की नॉट स्पीच) देंगे।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक संजीव कुमार उपस्थित रहेंगे।

विमोचन के दौरान संस्कृति शोध परिषद, जालोर के निदेशक संदीप जोशी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया, संस्कृत भारती के जिला अध्यक्ष कल्पेश बोहरा, बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता परिषद के अश्विन राजपुरोहित, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के किशोरसिंह राजपुरोहित, हिंदू युवा संगठन के जिला अध्यक्ष सुरेश सोलंकी एवं माधव जोशी उपस्थित रहे।

बुनकर ने कार्यों की समीक्षा की

बालोतरा, (नि.सं.)। जिला प्रभारी सचिव ओ. पी. बुनकर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बजट घोषणाओं एवं फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक हुई।

जिला प्रभारी सचिव ओ. पी. बुनकर ने बैठक में बजट घोषणाओं एवं फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति को लेकर समीक्षा कर कहा कि बजट एवं फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति में बालोतरा जिला अठाणी रहे। अधिकारी जिले से संबंधित समस्त बजट घोषणाओं के कार्यों में तेजी लाने के साथ समयबद्धता और गुणवत्ता का पूरा-पूरा ध्यान रखें। उन्होंने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं की विभिन्न विभागों की प्रगति की जानकारी ली और इन्हें मूर्त रूप देने के लिए गति लाने के निर्देश दिए। बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के संबंध में भूमि आवंटन/उपलब्धता/चिन्हीकरण की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सरकार की प्राथमिकता में है और प्रदेश स्तर पर इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

पाली में बाइकों की भिड़ंत, दंपती समेत 4 लोग घायल

पाली, (नि.सं.)। पाली में गुरुवार को दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में दंपती समेत 4 लोग घायल हो गए। घायलों को बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां चारों का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार गुड़ा एंदला थाना इलाके के मनिहारी गांव निवासी कपूराराम (30) पुत्र प्रभुराम कुम्हार पत्नी उर्मिला (25) के साथ गुरुवार को कपड़े की खरीदारी करने बाइक पर निकला था।

कपूराराम के छोटे भाई विलास की शादी 30 अप्रैल की है। ऐसे में दंपती शादी की खरीदारी के लिए निकला था। इस दौरान गुरलाई और कानतरा गांव के बीच झाबा की प्याऊ के पास कपूराराम की बाइक सामने से आ रहे बाइक सवार दो युवकों से टकरा गई।

बाइक सवार कपूराराम और उसकी पत्नी उर्मिला रोड पर गिरकर घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार गुरलाई गांव निवासी ढलाराम (22) पुत्र धन्नाराम बावरी और कन्नाराम (35) पुत्र छोगाराम भी गिरकर घायल हो गए। महिला को छोड़ सभी घायल झाड़ियों में पड़े पड़े तड़प रहे थे। इस दौरान उधर से गुजर रहते टैक्सी ड्राइवर बीजाराम कुम्हार की नजर इन पर पड़ी तो सवारियां उतार कर सभी घायलों को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

कलैक्टर कार्यालय का निरीक्षण

बालोतरा, (नि.सं.)। जिला प्रभारी सचिव ओ. पी. बुनकर ने गुरुवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कलैक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला प्रभारी सचिव ओ. पी. बुनकर ने कलैक्ट्रेट कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक हरिशंकर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. गुंजन सोनी, उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार साथ रहे।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने कलैक्टर कार्यालय की सभी शाखाओं एवं कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। जिला प्रभारी सचिव ओ. पी. बुनकर ने शाखाओं में संपादित होने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जानकारी ली।

पाली में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

पाली, (नि.सं.)। पाली के सदर थाना क्षेत्र के खैरवा गांव में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई, जिसका शव बांगड़ हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया है।

मृतका की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी, जिसकी 4 बेटियां हैं। पीहर पक्ष का आरोप है कि बेटा नहीं होने पर पति व ससुराल पक्ष के लोग अक्सर मारपीट करते थे और उन लोगों ने हत्या कर शव को पानी के टांके में डाल दिया। वहीं मृतका के पति खैरवा गांव निवासी शमसुद्दीन का कहना है कि उन पर लगाया गया आरोप निराधार है। उसका इलाज चल रहा था। पुलिस जांच में सब साफ हो जाएगा।

रोहट निवासी मृतका के भाई हैदर अली ने बताया कि उसकी बहन आसमां की शादी 12 साल पहले खैरवा गांव में शमसुद्दीन से हुई थी, जिनकी चार बेटियां है। आरोप है कि बेटा नहीं होने की बात को लेकर ससुराल पक्ष के लोग उसकी बहन आसमां को प्रताड़ित करते थे। आशंका जताई कि बुधवार को ससुराल खैरवा में आसमां की हत्या कर शव को टांके में डाल दिया, ताकि हादसा नजर आए। आरोप है कि शव को मॉच्र्युरी में रखवाने के बाद भी ससुराल पक्ष के लोगों ने घटना की सूचना नहीं दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जैसलमेर में पुलिस मुस्तैद : चौधरी

जैसलमेर, (नि.सं.)। पुलिस अधिक्षक सुधीर चौधरी ने प्रेस से मुखातिब होते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सीमावर्ती जिले जैसलमेर में हाई अलर्ट है। साथ ही बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा दी गई है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जैसलमेर सीमावर्ती जिला होने के कारण ऐसे में सुरक्षा के ज्यादा बंदोबस्त किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने जगह-जगह हथियारबंद जवान तैनात किए हैं।

उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मिडिया से आग्रह है कि सोशल मिडिया पर अवांछित प्रतिक्रिया देने या टिप्पणी करने वालों की सूचना हमें देवें। विभाग द्वारा भी मोनेटरिंग शुरू की गई है। पुलिस विभाग द्वारा रामदेवरा में भी चेकिंग की गई है ताकि कोई भी अवांछित व्यक्ति जिले में नही रह पाए।

गिव-अप अभियान में नाम नहीं हटाने पर अब तक 205 नोटिस जारी

जालोर (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित सक्षम व्यक्तियों से नाम पृथक करवाने के लिए 30 अप्रेल तक 'गिव-अप अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 205 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 4831 परिवारों एवं 16239 सदस्यों ने अपने नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए ऑफलाइन आवेदन किए हैं तथा 1333 परिवारों ने अपने नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए ऑनलाइन विभागीय वेबसाइट से आवेदन किए। विभागीय निर्देशानुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, जिसका कोई सदस्य सरकारी/ अर्द्धसरकारी/ स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारी-अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर जो कि जीवकोपार्जन में प्रयुक्त हो), जिसके सभी सदस्यों के स्वामित्व में कुल कृषि भूमि लघु कृषक की निर्धारित सीमा से अधिक हो, ग्रामीण क्षेत्र में 2 हजार वर्गफीट से अधिक स्वयं के रिहायश के लिए निर्मित पक्का मकान हो, नगर परिषद क्षेत्र में 1 हजार वर्ग फीट व नगरपालिका क्षेत्र में 1500 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल में निर्मित पक्का आवासीय व्यवसायिक परिसरधारी परिवार (कच्ची बस्ती को छोड़कर) निष्कासन सूची में आते है।

बादनवाड़ी विद्यालय में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

जालोर के पास राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बादनवाड़ी में आओ बने पक्षियों का सहारा अभियान के तहत पक्षियों के लिए परिंडे लगाये। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। गर्मी के मौसम को देखते हुए बेजुबान पक्षियों की जान बचाने के लिए गुरुवार को पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आओ बने पक्षियों का सहारा अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बादनवाड़ी में प्रधानाचार्य फिरोज खान हब्शी की उपस्थिति में परिंडे लगाए गए।

कार्यक्रम संयोजक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान ने बताया कि इस भीषण गर्मी में मूक पक्षियों को हलक तर करने के लिए परिंडे लगाए गए तथा परिंडे को लगाकर उनके प्रतिदिन देखभाल का संकल्प लिया गया। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से कार्य करने पर परमात्मा सारे मनोरथ पूर्ण करता है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, परिंडे लगाने एवं प्राकृतिक संतुलन के महत्व के बारे में भी लोगों को जागरूक किया तथा लोगों को कहा कि ज्यादा से ज्यादा पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर इस मुहिम में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी कानदास वैष्णव, मुश्ताक खान सिलावट, चंद्रशेखर सिंह महिपाल सिंह, गोविंद पाल, पाबू सिंह, जेठू सिंह गुर्जर, छगनाराम, हीरसिंह, राजधमट मीणा असलम खान डी महेंद्र सैनी, मोहित शर्मा आदि उपस्थित थे।

वूशु प्रति. 28 को

जालोर, (कासं) । जिला वूशु संघ जालोर के तत्वावधान में जिला स्तरीय सब जूनियर व सीनियर वूशु प्रतियोगिता 28 अप्रैल को स्टेडियम में शाम 4 बजे से ।योजित होगी।

जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने जानकारी दी।

भुगतान रसीद पुस्तिका के खो जाने की सार्वजनिक सूचना

यह आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से संबंधित अनुलग्नक ए में उल्लिखित मूल भुगतान रसीदें खो गई हैं/गुम हो गई हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को यह रसीद मिलती है, तो उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत नीचे दिए गए पते पर बैंक को रसीदें लौटा दें। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति इन रसीदों से कोई लेन-देन नहीं करेगा और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड किसी भी तरह से इन रसीदों के किसी भी तरह के दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

एड्रेस: (1) एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक एलटीडी, ग्राउंड फ्लोर बी/एच पवन चोहन बिल्डिंग, मेटेरियल शॉप मान पूरा रोड, अंबापुरा, जिला-बांसवाड़ा, अंबापुरा, राजस्थान, पिनकोड नो:327001; (2) एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, सी/ओ हरी मोहन मिस्त्री, नियर पंचयत समिति, पीओ+पीएस-पिंडवाड़ा, जिला .-सिरोही, राजस्थान, पिन-307022.

अनुलग्नक ए

क्र.	खोने की तारीख	शाखा का नाम	रसीद बुक नं.	रसीद संख्या
1.	26-मार्च-25	आंबापुरा, राजस्थान	860354	1578821 1578825
2.	20-मार्च-25	पिंडवाडा, राजस्थान	868558	1658026 1658050